**कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**
**पत्रांक– 3378 /11–सी–FP/UP/Pipeline/123162/2021, लखनऊ, दिनांकः मई 30 ,2022**

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– मेसर्स टोरेन्ट गैस प्राईवेट लि0, लखनऊ द्वारा जनपद–बाराबंकी के अंतर्गत NATURAL GAS PIPE LINE बिछाये जाने हेतु लखनऊ–सुलतानपुर मार्ग एन0एच0–56 (नया–731) के चैनेज–54.86 से 64.00 के मध्य दांयी पटरी पर प्रभावित 0.4562 हे0 संरक्षित वनभूमि तथा हैदरगढ़–भिटरिया मार्ग के किमी0 0.00 से 11.23 के मध्य बांयी पटरी पर प्रभावित 0.5516 हे0 संरक्षित वनभूमि अर्थात कुल 1.0078 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–14/81–2–2022–800(31)/2022, दिनांक 23.03.2022 एवं वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या का पत्रांक–3232/14–10, दिनांक 06.05.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या के उपरोक्त पत्रांक–3232/14–10, दिनांक 06.05.2022 द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 19.05.2022 को उपलब्ध कराया गया है तथा प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सैद्वान्तिक स्वीकृति की बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन 'परिवेश' पोर्टल पर दिनांक 30.05.2022 को अपलोड किया गया है। प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर दो प्रतियों में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**संख्या– 3378/11–सी–FP/UP/Pipeline/123162/2021, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0, सरयू वृत्त, अयोध्या।
2. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, बाराबंकी।
3. प्रबन्धक, टोरेन्ट गैस प्राईवेट लि0, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

O/C

Acy-587